रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
सीईएन - 04/2026 - जेई, डीएमएस, सीएमए - CEN - 04/2026 - JE, DMS, CMA

Test Date	28/10/2026
Test Time	9:00 AM - 10:30 AM
Subject / Exam Group	RRB JE DMS CMA CBT I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **RRB JE DMS CMA CBT I**

Q.1 पादपों में उद्दीपनों के प्रति तत्काल अनुक्रिया देने के लिए किस प्रकार के ऊतक की कमी होती है?

Ans
- ✗ 1. विभज्योतक
- ✗ 2. संवहनी ऊतक
- ✗ 3. बाह्यत्वचीय ऊतक
- ✓ 4. तंत्रिका ऊतक

Q.2 किस क्षेत्र को भारत के सबसे पुराने अपरिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादक क्षेत्र के रूप में मान्यता प्राप्त है, जिसका सबसे पहला फील्ड डिगबोई है?

Ans
- ✓ 1. असम
- ✗ 2. गुजरात
- ✗ 3. तमिलनाडु
- ✗ 4. राजस्थान

Q.3 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) U % & T # £ C £ W N Q @ V T € G # * T $ U # (दाएं)
ऐसे कितने अक्षर हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में एक प्रतीक भी है?

Ans
- ✗ 1. 4
- ✗ 2. 5
- ✓ 3. 2
- ✗ 4. 3

Q.4 अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ 1. LO-SI
- ✗ 2. JM-QH
- ✗ 3. HK-OF
- ✗ 4. FI-MD

Q.5 किसी गेंद को एक डोरी से बांधकर एक क्षैतिज वृत्त में नियत चाल से घुमाया जा रहा है। यदि डोरी आकस्मिक रूप से टूट जाती है, तो क्या होगा?

Ans
- ✓ 1. गेंद टूटने के बिंदु पर वृत्त की स्पर्श रेखा के अनुदिश एक सरल रेखा में गति करेगी।
- ✗ 2. गेंद वृत्त के केंद्र की ओर, अंदर की ओर सर्पिलाकार गति करेगी।
- ✗ 3. गेंद कुछ समय के लिए वृत्तीय पथ पर गति करना जारी रखेगी।
- ✗ 4. गेंद वृत्त के केंद्र से दूर, बाहर की ओर गति करेगी।

Q.6 पृथ्वी पर ग्रहीय पवन पैटर्न बनने का मुख्य कारण क्या है?

Ans
- ✔ 1. विभिन्न अक्षांशों पर असमान सौर तापन
- ✘ 2. पर्वत श्रेणियों की स्थलाकृति
- ✘ 3. बड़े महासागरीय निकायों की उपस्थिति
- ✘ 4. चंद्रमा और सूर्य का गुरुत्वीय कर्षण

Q.7 किसी निश्चित दूरी के 1/5 भाग को 85 km/h की चाल से तय किया जाता है, उसके 1/3 भाग को 60 km/h की चाल से तय किया जाता है तथा शेष भाग को 80 km/h की चाल से तय किया जाता है। पूरी यात्रा के लिए औसत चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए। (अपना उत्तर दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।)

Ans
- ✔ 1. 72.77
- ✘ 2. 70.51
- ✘ 3. 72.11
- ✘ 4. 75.25

Q.8 एक हिंजित रॉड के मुक्त सिरे पर बल लगाया जाता है, जिससे वह हिंज के परितः घूर्णन करती है। लगाए गए बल द्वारा किए गए कार्य के संबंध में क्या कहा जा सकता है?

Ans
- ✔ 1. किया गया कार्य धनात्मक है क्योंकि जिस बिंदु पर बल लगाया गया है वह विस्थापित हुआ है।
- ✘ 2. रॉड के घूर्णन करने के कारण किया गया कार्य ऋणात्मक है।
- ✘ 3. किया गया कार्य शून्य है क्योंकि हिंज स्थायी रहता है।
- ✘ 4. किया गया कार्य केवल रॉड के द्रव्यमान पर निर्भर करता है।

Q.9 1991 में भारतीय रुपये का अवमूल्यन, मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किस पर लक्षित था?

Ans
- ✘ 1. आयातित मदों को अपेक्षाकृत सस्ता बनाकर विदेशी निवेश को बढ़ावा देना
- ✘ 2. घरेलू बैंकों से सरकारी उधार को सीमित करके उनकी कार्यक्षमता बढ़ाना
- ✘ 3. अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति कम करके देश में मुद्रास्फीति को नियंत्रित करना
- ✔ 4. भुगतान संतुलन के संकट को हल करना और विदेशी मुद्रा प्रवाह को बढ़ाना

Q.10 विज्ञान में सामान्यतः प्रयुक्त कार्बन परमाणु का परमाणु-द्रव्यमान कितना होता है?

Ans
- ✔ 1. 12 u
- ✘ 2. 14 u
- ✘ 3. 16 u
- ✘ 4. 1 u

Q.11 यदि आंकड़ों 6, 10, 14, 18, 22 का प्रसरण σ^2 है, तो σ^2 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ 1. 30
- ✘ 2. 28
- ✔ 3. 32
- ✘ 4. 36

Q.12 यदि निम्नलिखित आंकड़ों का माध्य 50 है, तो x का मान कितना होगा?

वर्ग	30-40	40-50	50-60	60-70	70-80
बारंबारता	47	19	21	13	X

Ans
- ✘ 1. 14
- ✘ 2. 45
- ✘ 3. 37
- ✔ 4. 20

Q.13 निम्नलिखित में से किस यूरोपीय शक्ति ने 1605 में मसुलीपट्टनम (Masulipatnam) में अपनी पहली फैक्ट्री स्थापित की और बाद में भारत में पुलिकट (Pulicat) को अपना मुख्यालय बनाया?

Ans
- ✘ 1. फ्रांसीसी (French)
- ✘ 2. पुर्तगाली (Portuguese)
- ✘ 3. अंग्रेज (English)
- ✔ 4. डच (Dutch)

Q.14 एक पाइप किसी टंकी को 24 मिनट में भर सकती है, जबकि एक अन्य पाइप पूर्णत: भरी हुई टंकी को 56 मिनट में खाली कर सकती है। यदि दोनों पाइप एक साथ खाली टंकी में चालू कर दिए जाएं, तो टंकी का एक-तिहाई भाग भरने में कितना समय (मिनट में) लगेगा?

Ans
✔ 1. 14
✘ 2. 15
✘ 3. 13
✘ 4. 12

Q.15 ₹9100 को तीन भागों में इस प्रकार विभाजित कीजिए कि पहले भाग का $\frac{1}{2}$, दूसरे भाग का $\frac{1}{4}$ और तीसरे भाग का $\frac{1}{8}$ बराबर हों। पहला भाग (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 1600
✘ 2. 1400
✘ 3. 1200
✔ 4. 1300

Q.16 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) L C * F A J / ^ Z O B O T M Q ? @ F C % T (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में एक अक्षर है?

Ans
✘ 1. एक
✔ 2. दो
✘ 3. तीन
✘ 4. चार

Q.17 एक छात्र पेंसिल से एक ही डेस्क पर दो बार प्रहार करता है—पहले धीरे से और फिर अधिक बल के साथ। कौन-सा अवलोकन सही है?

Ans
✘ 1. धीरे प्रहार से अधिक प्रबल ध्वनि उत्पन्न होती है क्योंकि यह अधिक समय तक विद्यमान रहती है।
✔ 2. अधिक बल के साथ प्रहार करने से अधिक प्रबल ध्वनि उत्पन्न होती है क्योंकि यह अधिक आयाम वाले कंपन उत्पन्न करता है।
✘ 3. ध्वनि केवल डेस्क की मोटाई पर निर्भर करती है।
✘ 4. दोनों प्रहारों से समान प्रबलता वाली ध्वनि उत्पन्न होती है क्योंकि एक ही पेंसिल का उपयोग किया गया है।

Q.18 निम्नलिखित में से कौन-सी अभिक्रिया, ऑक्सीजन के साथ किसी अधातु के संयोजन को दर्शाती है?

Ans
✘ 1. $2Na + Cl_2 \rightarrow 2NaCl$
✘ 2. $CH_4 + 2O_2 \rightarrow CO_2 + 2H_2O$
✘ 3. $CaCO_3 \rightarrow CaO + CO_2$
✔ 4. $C + O_2 \rightarrow CO_2$

Q.19 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

9 17 30 60 95 147 ?

Ans
✘ 1. 213
✘ 2. 205
✘ 3. 209
✔ 4. 204

Q.20 यदि किसी ऊर्ध्वाधर तार में धारा की दिशा ऊर्ध्वगामी है, तो उसके चारों ओर चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं की दिशा (ऊपर से देखने पर) _____ होगी।

Ans
✘ 1. सदैव ऊर्ध्वगामी
✔ 2. वामावर्त
✘ 3. दक्षिणावर्त
✘ 4. सदैव अधोगामी

Q.21 वह कठोरतम प्राकृतिक पदार्थ कौन-सा है, जो कार्बन का अपररूप भी है?

Ans
✘ 1. अक्रिस्टलीय कार्बन
✘ 2. चारकोल
✔ 3. हीरा
✘ 4. ग्रेफाइट

Q.22 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, किसी यौगिक के आणविक द्रव्यमान की गणना का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
✗ 1. यह अणु में केवल अनन्य परमाणु द्रव्यमानों की गणना करके ज्ञात किया जाता है।
✓ 2. यह अणु में उपस्थित सभी परमाणुओं के परमाणु द्रव्यमानों को जोड़कर ज्ञात किया जाता है।
✗ 3. यह अणु में उपस्थित परमाणुओं के उच्चतम परमाणु द्रव्यमान का उपयोग करके ज्ञात किया जाता है।
✗ 4. यह अणु में सबसे बड़े परमाणु द्रव्यमान में से सबसे छोटे परमाणु द्रव्यमान को घटाकर ज्ञात किया जाता है।

Q.23 दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

41 52 64 77 91 106 ?

Ans
✓ 1. 122
✗ 2. 125
✗ 3. 118
✗ 4. 120

Q.24 एक आयत की लंबाई और चौड़ाई का अनुपात 3 : 2 है। यदि लंबाई 18 cm है, तो आयत का क्षेत्रफल (cm^2 में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 108
✓ 2. 216
✗ 3. 210
✗ 4. 144

Q.25 एक दीप्त विद्युत बल्ब और एक विद्युत हीटर दो अलग-अलग बंद डिब्बों में रखे जाते हैं। कुछ समय बाद, दोनों डिब्बे गर्म हो जाते हैं। अंततः दोनों डिब्बों से किस प्रकार की ऊर्जा परिवेश में अंतरित हो जाती है?

Ans
✗ 1. प्रकाश ऊर्जा
✓ 2. तापीय (ऊष्मा) ऊर्जा
✗ 3. रासायनिक ऊर्जा
✗ 4. विद्युत ऊर्जा

Q.26 यदि '+' और '-' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए तथा 'x' और '÷' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
45 ÷ 5 - 290 x 5 + 31 =?

Ans
✗ 1. 264
✗ 2. 270
✓ 3. 252
✗ 4. 260

Q.27 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।
(बाएं) SOB DIG FIN JOG (दाएं)
दाएं से दूसरे शब्द के दूसरे अक्षर और बाएं से दूसरे शब्द के तीसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans
✓ 1. 1
✗ 2. 4
✗ 3. 2
✗ 4. 0

Q.28 चेतन बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 27 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 16 km ड्राइव करता है। वह अंत में बाएँ मुड़ता है और 32 km ड्राइव करके बिंदु B पर रुक जाता है। मोहन बिंदु P, जो बिंदु A के 56 km पूर्व में है, से ड्राइव करना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 21 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 16 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएँ मुड़ता है और 24 km ड्राइव करके बिंदु Q पर रुक जाता है। बिंदु Q और बिंदु B के बीच न्यूनतम दूरी क्या है? (सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✗ 1. 2 km
✗ 2. 8 km
✗ 3. 4 km
✓ 4. 6 km

Q.29 किसी बेलनाकार ठोस का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 792 cm^2 है। यदि इसका आधार व्यास 12 cm है, तो बेलनाकार ठोस की ऊँचाई (cm में) कितनी होगी?
($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

Ans
✔ 1. 15
✘ 2. 12
✘ 3. 13
✘ 4. 14

Q.30 भारत में ग्राम क्षेत्राधिकार के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों से अतिक्रमण हटाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा प्राधिकरण उत्तरदायी होता है?

Ans
✘ 1. तालुका मजिस्ट्रेट
✔ 2. ग्राम पंचायत
✘ 3. पुलिस विभाग
✘ 4. ग्राम न्यायालय

Q.31 PROVEN शब्द के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और फिर इस प्रकार बने अक्षर-समूह के सभी अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षरों के समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर दाईं ओर से दूसरा होगा?

Ans
✘ 1. P
✔ 2. S
✘ 3. Q
✘ 4. O

Q.32 ₹10,000 की राशि 8% वार्षिक दर पर 6 महीने के लिए उधार दी जाती है, जहां ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होता है। 6 महीने के अंत में अर्जित चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज के बीच अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. ₹20
✘ 2. ₹4
✘ 3. ₹2
✔ 4. ₹0

Q.33 किसी निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 168 का संबंध 19 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 144 का संबंध 16 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 128 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए, 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
✔ 1. 14
✘ 2. 16
✘ 3. 21
✘ 4. 19

Q.34 $\left(\frac{18}{18} \div \frac{18}{9}\right) \div \left(\frac{2}{10} \times \frac{20}{6} + \frac{2}{6}\right) + \frac{9}{11} \div \frac{18}{14} \text{ of } \frac{14}{11}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 1
✘ 2. 4
✘ 3. 2
✘ 4. 9

Q.35 किसी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा गणित में प्राप्त औसत अंक 92 थे। लड़कों द्वारा प्राप्त औसत अंक, लड़कियों द्वारा प्राप्त औसत अंक से 20% अधिक हैं। यदि लड़कों और लड़कियों की संख्या का अनुपात 5 : 2 है, तो लड़कियों द्वारा प्राप्त औसत अंक ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 82
✔ 2. 80.5
✘ 3. 80.4
✘ 4. 77

Q.36 103 व्यक्ति उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में खड़े हैं। मिस्टर सोनू दाएँ छोर से 7वें स्थान पर है, जबकि मिस्टर पिक बाएँ छोर से 77वें स्थान पर है। मिस्टर सोनू और मिस्टर पिक के बीच कितने व्यक्ति खड़े हैं?

Ans
✗ 1. 17
✓ 2. 19
✗ 3. 15
✗ 4. 12

Q.37 एक विनिर्माता अपना विक्रय मूल्य, उत्पादन लागत से 26% अधिक निर्धारित करता है। यदि उत्पादन लागत 26% बढ़ जाती है और विनिर्माता अपने विक्रय मूल्य में 50% की वृद्धि कर देता है, तो लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 51%
✗ 2. 53%
✗ 3. 47%
✓ 4. 50%

Q.38 एक खुला आयताकार डिब्बा (बिना ढक्कन वाला) 1 cm मोटी लकड़ी से बना है। इसकी बाहरी विमाएं 20 cm लंबी, 15 cm चौड़ी और 10 cm ऊंची हैं। डिब्बे को बनाने में प्रयुक्त लकड़ी का आयतन ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 800 cm^3
✗ 2. 900 cm^3
✗ 3. 856 cm^3
✓ 4. 894 cm^3

Q.39 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।
$[(98 \div 14) \times \{(76 \div 4) + (12 \div 6) \times (7 - 4)\}]$

Ans
✗ 1. 73
✗ 2. 707
✗ 3. 693
✓ 4. 175

Q.40 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से यह स्पष्ट करता है कि लसीका (lymph) अतिरिक्त ऊतक तरल को परिसंचरण में कैसे वापस लाता है?

Ans
✗ 1. लसीका सूजन को रोकने के लिए ऊतकों से संपूर्ण प्लाज्मा अवशोषित कर लेता है।
✗ 2. लसीका, लाल रक्त कोशिकाओं को सीधे ऊतक अवकाशों में मुक्त करता है।
✓ 3. लसीका, कोशिकाबाह्य स्थान से अतिरिक्त तरल का वापस रक्त में अपवाहित कर देता है।
✗ 4. लसीका तरल को सीधे हृदय के कक्षों में पंप करता है।

Q.41 नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करने वाले युग्म का चयन कीजिए। दोनों युग्म एकसमान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

IQI : GSK
OMP : MOR

Ans
✓ 1. DVR : BXT
✗ 2. GWS : EXU
✗ 3. LKC : JMD
✗ 4. SMJ : QOK

Q.42 दो मित्रों, P और Q ने क्रमशः ₹386 और ₹178 के प्रारंभिक पूंजी अंशदान के साथ एक व्यवसाय शुरू किया। वर्ष के अंत में, व्यवसाय से ₹56,400 का लाभ हुआ। लाभ में P का हिस्सा (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 38,700
✗ 2. 38,500
✗ 3. 38,450
✓ 4. 38,600

Q.43 किसी डाइनिंग मेज सेट का अंकित मूल्य ₹20,000 है। एक दुकान इस मूल्य पर क्रमशः 10% और 20% की क्रमिक छूट प्रदान करती है। दोनों छूटों के लागू होने के पश्चात ग्राहक द्वारा भुगतान किया जाने वाला अंतिम मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. ₹14,400
✗ 2. ₹16,000
✗ 3. ₹12,000
✗ 4. ₹15,000

Q.44 इस प्रश्न में, संख्याओं/प्रतीकों के समूह को निम्नलिखित कूट और दी गई शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का अनुसरण करने वाले कूटों का सही संयोजन ही आपका उत्तर है। यदि एक भी शर्त का अनुसरण नहीं किया जाता है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे उसी प्रकार अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

संख्या/प्रतीक 6 8 1 9 7 3 # @ 5 %

कूट L R G M W X K Q E N

शर्तें –
(i) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों के कूटों को परस्पर बदल दें।
(ii) यदि दूसरा और तीसरा अवयव संख्याएं हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध करें।
(iii) यदि चौथा अवयव एक सम संख्या है, तो चौथे और पांचवें दोनों अवयवों को © के रूप में कूटबद्ध करें।

संख्या-प्रतीकों के निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या है?
68197

Ans
✔ 1. LRRMW
✘ 2. LXGMW
✘ 3. LRGKW
✘ 4. LRGMW

Q.45 राजा राममोहन राय द्वारा 1828 में निम्नलिखित में से किस सामाजिक-धार्मिक सुधार आंदोलन की स्थापना की गई थी?

Ans
✘ 1. थियोसॉफिकल सोसाइटी जो आध्यात्मिकता को बढ़ावा देती थी
✘ 2. प्रार्थना समाज जो भक्ति को बढ़ावा देता था
✘ 3. आर्य समाज जो वैदिक सुधारों को बढ़ावा देता था
✔ 4. ब्रह्म समाज जो एकेश्वरवाद को बढ़ावा देता था

Q.46 नर जनन तंत्र में ग्रंथियों की भूमिका के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
✘ 1. वे वृषण के तापमान को नियंत्रित करते हैं
✔ 2. वे शुक्राणु को पोषण प्रदान करने वाले तरल मिलाते हैं
✘ 3. वे शुक्राणु उत्पादन के लिए उत्तरदायी होते हैं
✘ 4. वे शुक्राणु के आनुवंशिक सामग्री को संग्रहीत करते हैं

Q.47 यदि किसी संख्या के 40% में 120 जोड़ा जाता है, तो परिणाम वही संख्या प्राप्त होती है। उसी संख्या का 70% ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 160
✘ 2. 180
✔ 3. 140
✘ 4. 120

Q.48 इस प्रश्न में, संख्याओं/प्रतीकों के समूह को निम्नलिखित कूट और दी गई शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का अनुसरण करने वाले कूटों का सही संयोजन ही आपका उत्तर है। यदि एक भी शर्त का अनुसरण नहीं किया जाता है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे उसी प्रकार अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

संख्या/प्रतीक * @ 6 3 9 1 2 ? 7 8

कूट B H Z X C U D L R A

शर्तें –
(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है, तो पहले और अंतिम अवयवों के कूटों को परस्पर बदल दें।
(ii) यदि दूसरा और तीसरा अवयव संख्याएं हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध करें।
(iii) यदि चौथा अवयव एक प्रतीक है, तो चौथे और पांचवें दोनों अवयवों को © के रूप में कूटबद्ध करें।


संख्या-प्रतीकों के निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या है?
***@639**

Ans
✘ 1. DHZXC
✔ 2. CHZXB
✘ 3. BHUXC
✘ 4. BHZLC

Q.49 औद्योगिक रूप से साबुनों और अपमार्जकों के विनिर्माण में सोडियम हाइड्रॉक्साइड का व्यापक रूप से उपयोग क्यों किया जाता है?

Ans
✘ 1. यह आस-पास की वायु से आर्द्रता अवशोषित करता है
✘ 2. यह साबुन उत्पादों की कठोरता को बढ़ाता है
✘ 3. यह धावन के दौरान विरंजन कर्मक के रूप में कार्य करता है
✔ 4. यह वसा के साथ अभिक्रिया करके साबुन और ग्लिसरॉल बनाता है

Q.50 दी गई आकृति में, PQ || RS है। Y का मान ज्ञात कीजिए।



Ans
- ✗ 1. 93
- ✗ 2. 27
- ✗ 3. 117
- ✓ 4. 63

Q.51 जलाशय में नाइट्रेट और फॉस्फेट जैसे पोषकों के अत्यधिक निवेश के परिणामस्वरूप शैवाल पुष्पन होता है और विलीन ऑक्सीजन का अवक्षय होने लगता है, इसे क्या कहा जाता है?

Ans
- ✗ 1. मरुस्थलीकरण (Desertification)
- ✗ 2. जैव-आवर्धन (Biomagnification)
- ✓ 3. सुपोषण (Eutrophication)
- ✗ 4. अम्लीकरण (Acidification)

Q.52 जनवरी 2026 में, IIT बॉम्बे में परम रुद्र (PARAM Rudra) सुपरकंप्यूटर का उद्घाटन किया गया। इस सुविधा को किस मिशन के अंतर्गत विकसित और परिनियोजित किया गया है?

Ans
- ✗ 1. राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (National Quantum Mission)
- ✗ 2. भारत सेमीकंडक्टर मिशन (India Semiconductor Mission)
- ✗ 3. राष्ट्रीय ब्लॉकचेन फ्रेमवर्क (National Blockchain Framework)
- ✓ 4. राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (National Supercomputing Mission)

Q.53 वक्ररेखीय शिखर से युक्त हिंदू मंदिर स्थापत्यकला की नागर शैली (Nagara style) मुख्य रूप से भारत के किस क्षेत्र से संबंधित है?

Ans
- ✓ 1. उत्तर भारत
- ✗ 2. केवल केंद्रीय दक्कन
- ✗ 3. दक्षिण भारत
- ✗ 4. पूर्वोत्तर भारत

Q.54 जनवरी 2026 में भारत की पहली ओपन-सी (खुले समुद्र में) समुद्री मछली पालन परियोजना का उद्घाटन निम्नलिखित में से किस स्थान से किया गया था?

Ans
- ✗ 1. लक्षद्वीप सागर
- ✓ 2. अंडमान सागर
- ✗ 3. बंगाल की खाड़ी
- ✗ 4. अरब सागर

Q.55 एक पोर्टेबल कैंपिंग लालटेन एक अंतर्निहित बैटरी से प्रचालित होती है जो नियत वोल्टता प्रदान करती है। जब कोई उपयोगकर्ता 'डिम' से 'ब्राइट' सेटिंग पर स्विच करता है, तो लालटेन के बल्ब को अधिक शक्ति प्राप्त होती है। यह मानते हुए कि बैटरी वोल्टता अपरिवर्तित रहती है, लालटेन की परिपथिकी (circuitry) में कौन-सा परिवर्तन, वर्धित चमक की प्रत्यक्ष रूप से व्याख्या करता है?

Ans
- ✓ 1. बल्ब परिपथ में प्रतिरोध कम हो जाता है, जिससे धारा बढ़ जाती है
- ✗ 2. प्रतिरोध नियत रखते हुए, बैटरी द्वारा आपूर्ति की जाने वाली वोल्टता बढ़ जाती है
- ✗ 3. अपरिवर्तित प्रतिरोध के साथ, बल्ब के माध्यम से प्रवाहित धारा कम हो जाती है
- ✗ 4. बल्ब परिपथ में प्रतिरोध बढ़ ज

Q.56 एक व्यक्ति स्थिर जल में 8 km/h की चाल से नाव चला सकता है। धारा की चाल 3 km/h है। धारा के विपरीत दिशा में एक निश्चित दूरी तय करने में लगने वाला समय, धारा की दिशा में उतनी ही दूरी तय करने में लगने वाले समय से 6 घंटे अधिक है। एक दिशा में तय की गई दूरी ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 60 km
✗ 2. 45 km
✓ 3. 55 km
✗ 4. 50 km

Q.57 किसी पिंड को एकसमान गति में तब माना जाता है, जब _____।

Ans
✗ 1. पिंड की गति बार-बार बढ़ती और घटती है
✗ 2. पिंड निरन्तर अपनी दिशा बदलता रहता है
✓ 3. पिंड समान समय अंतराल में समान दूरी तय करता है
✗ 4. पिंड समान समय अंतराल में असमान दूरी तय करता है

Q.58 I, Z का भाई है। C, A की बहन है। Y, A का पुत्र है। A, Z की पत्नी है। I का Y से क्या संबंध है?

Ans
✗ 1. पुत्र
✓ 2. पिता का भाई
✗ 3. पिता का पिता
✗ 4. पिता

Q.59 किसी वस्तु को उसके क्रय मूल्य पर 131% के लाभ पर बेचा जाता है। यदि क्रय मूल्य और विक्रय मूल्य को आपस में बदल दिया जाए, तो इस सौदे में कितने प्रतिशत की हानि होगी? अपने उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।

Ans
✗ 1. 57.15%
✓ 2. 56.71%
✗ 3. 59.28%
✗ 4. 58.16%

Q.60 एक लंबी, भूमिगत दबी हुई ऊर्ध्वाधर धातु की पाइप में स्थायी विद्युत धारा उपरिमुखी प्रवाहित हो रही है। भूमि के ऊपर एक तकनीशियन पाइप के समांतर 0.8 मीटर की दूरी पर एक डिजिटल दिक्सूचक रखता है। अप्रत्याशित रूप से, दिक्सूचक की सुई उत्तर की ओर संरेखित होने के बजाय पूर्व की ओर विक्षेपित हो जाती है। कौन-सा विश्लेषण इस प्रेक्षण की सर्वोत्तम व्याख्या करता है?

Ans
✓ 1. उपरिमुखी धारा द्वारा उत्पन्न चुंबकीय क्षेत्र क्षैतिज रूप से प्रवाहित होता है, जिसके कारण दिक्सूचक की सुई उस स्थान पर पाइप के चुंबकीय क्षेत्र के साथ स्पर्शरेखीय रूप से संरेखित हो जाती है।
✗ 2. दिक्सूचक की सुई को सीधे पाइप से बाहर की ओर इंगित करना चाहिए, क्योंकि चुंबकीय क्षेत्र धारावाही तारों से सीधे में विकिरित (radiate) होते हैं।
✗ 3. भूमि के ऊपर इस प्रकार से दिक्सूचक प्रभावित होने के लिए धारा स्थायी न होकर प्रत्यावर्ती (alternating) होनी चाहिए।
✗ 4. दिक्सूचक केवल पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र से प्रभावित होता है, अतः पाइप में प्रवाहित धारा प्रेक्षित विक्षेपण की व्याख्या नहीं कर सकती है।

Q.61 तंत्रिका ऊतक के संदर्भ में, तंत्रिका कोशिका का मुख्य कार्य क्या है?

Ans
✓ 1. तंत्रिका कोशिकाएं संदेश प्राप्त करती हैं और उन्हें प्रेषित करती हैं
✗ 2. तंत्रिका कोशिकाएं संचलन के लिए बल उत्पन्न करती हैं
✗ 3. तंत्रिका कोशिकाएं मस्तिष्क के लिए ऊर्जा संग्रहीत करती हैं
✗ 4. तंत्रिका कोशिकाएं शरीर के लिए हार्मोन बनाती हैं

Q.62 निम्नलिखित व्यंजक को सरलीकृत कीजिए।

$$3200 \div 16 \text{ of } \frac{1}{80} + \frac{15}{320} \times 6400 + [850 \div 17] \times 40$$

Ans
✗ 1. 16300
✗ 2. 17300
✗ 3. 19300
✓ 4. 18300

Q.63 $ABCD$ एक समांतरचतुर्भुज है, जहां $\angle A = (3x + 5)^\circ$ और $\angle C = (2x + 12)^\circ$ है। $\angle B$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 87°
✗ 2. 95°
✗ 3. 128°
✓ 4. 154°

Q.64 बाह्य रूप से स्पर्श करने वाले दो वृत्तों के क्षेत्रफलों का योगफल 130π cm^2 है। यदि उनके केंद्रों के बीच की दूरी 14 cm है, तो छोटे वृत्त की त्रिज्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ 1. 3 cm
- ✘ 2. 5 cm
- ✘ 3. 9 cm
- ✘ 4. 11 cm

Q.65 C, D, E, F, X, Y और Z में से प्रत्येक की परीक्षा एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है, जो सोमवार से शुरू होकर उसी सप्ताह के रविवार को समाप्त होती है।
Y की परीक्षा गुरुवार को है, और F की परीक्षा शनिवार को है। C की परीक्षा Z से ठीक पहले है। E की परीक्षा X के बाद किसी दिन है। D की परीक्षा Z के ठीक बाद है।
E और D के बीच में कितने लोगों की परीक्षा है?

Ans
- ✔ 1. तीन
- ✘ 2. एक
- ✘ 3. चार
- ✘ 4. दो

Q.66 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन यह स्पष्ट करता है कि अर्धसूत्री-विभाजन द्वारा उत्पन्न आनुवंशिक विभिन्नता कुछ जीवों के जीवित रहने में कैसे सहायक होती है?

Ans
- ✘ 1. अधिक गुणसूत्रों वाले जंतु सदैव बेहतर रूप से अनुकूलित होते हैं
- ✔ 2. अर्धसूत्रण विभिन्नताएं ऐसे विशेषक प्रदान करती हैं जो नई परिस्थितियों के लिए अधिक अनुकूल होते हैं
- ✘ 3. सभी जंतुओं के विशेषक एकसमान होते हैं, अतः सभी समान रूप से जीवित रहते हैं
- ✘ 4. उत्तरजीविता केवल मूल आनुवंशिक कोड से निर्धारित होती है, विभिन्नताओं से नहीं

Q.67 यदि $y - 9 = 3\sqrt{7}$ है, तो $\sqrt{(y-1)} - \frac{1}{\sqrt{y-1}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ 1. $\sqrt{14}$
- ✘ 2. $7\sqrt{2}$
- ✘ 3. $2\sqrt{7}$
- ✘ 4. 28

Q.68 पेशी जिह्वा, मुख में पाचन की प्रक्रिया में किस प्रकार योगदान करती है?

Ans
- ✘ 1. मुख के आस्तर की सुरक्षा के लिए श्लेष्म उत्पन्न करके
- ✘ 2. भोजन का सीधे आमाशय में परिवहन करके
- ✘ 3. मुख में पाचक एंजाइमों का स्राव करके
- ✔ 4. भोजन को लार के साथ मिलाकर चर्वण में सहायता करके

Q.69 शारीरिक गतिविधि करते समय ऑक्सीजन के अभाव के कारण अचानक पेशी ऐंठन के लिए कौन-सी प्रक्रिया उत्तरदायी होती है?

Ans
- ✘ 1. पेशियों में ऑक्सीश्वसन
- ✔ 2. पेशियों में अनॉक्सीय श्वसन
- ✘ 3. पेशियों में प्रकाश-संश्लेषण
- ✘ 4. यीस्ट में किण्वन

Q.70 निम्नलिखित में से किस मध्य पूर्वी देश ने भारत के साथ एक द्विपक्षीय निवेश समझौता किया है जो जुलाई 2026 में लागू हुआ, ताकि सीमा-पार निवेश के लिए एक सुरक्षित और आधुनिक कानूनी ढांचा तैयार किया जा सके?

Ans
- ✘ 1. स्टेट ऑफ कतर (State of Qatar)
- ✘ 2. किंगडम ऑफ सऊदी अरब (Kingdom of Saudi Arabia)
- ✘ 3. यूनाइटेड अरब अमीरात (United Arab Emirates)
- ✔ 4. स्टेट ऑफ इजराइल (State of Israel)

Q.71 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित निम्नलिखित शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
LFI KEH JDG ICF ?

Ans
- ✘ 1. HBF
- ✘ 2. HCF
- ✘ 3. HCE
- ✔ 4. HBE

Q.72 यदि 9 संख्याओं का कुल योगफल 81 है, तो उनका औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 19
✗ 2. 10
✗ 3. 8
✓ 4. 9

Q.73 एक जीवविज्ञानी +5 D क्षमता वाले अभिसारी लेंस का उपयोग करके सूर्य के प्रकाश को एक प्रतिदर्श पर केंद्रित करता है। यदि तापन के कारण लेंस की फोकस दूरी बदलकर 15 cm हो जाती है, तो लेंस की नई क्षमता कितनी होगी?

Ans
✗ 1. +0.15 D
✗ 2. +5 D
✗ 3. +1.5 D
✓ 4. +6.67 D

Q.74 निम्नलिखित में से कौन-सा व्यंजक, किसी परमाणु के nवें ऊर्जा स्तर में उपस्थित हो सकने वाले इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या को दर्शाता है, जहां n कोश संख्या है?

Ans
✗ 1. 2n
✗ 2. n^2
✗ 3. n
✓ 4. $2n^2$

Q.75 सूर्य का उन्नयन कोण ज्ञात कीजिए, जब एक विद्युत पोल की छाया की लंबाई पोल की ऊंचाई के बराबर है।

Ans
✓ 1. 45^o
✗ 2. 60^o
✗ 3. 90^o
✗ 4. 30^o

Q.76 निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद, बाह्य आक्रमण और आंतरिक अशांति से 'राज्य की संरक्षा करने का संघ का कर्तव्य' सुनिश्चित करता है?

Ans
✗ 1. अनुच्छेद 365
✓ 2. अनुच्छेद 355
✗ 3. अनुच्छेद 360
✗ 4. अनुच्छेद 354

Q.77 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A @ B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A ^ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
'A ≠ B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है' और
'A ≥ B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'P ≥ Q ≠ V ^ W @ X' है, तो P का X से क्या संबंध है?

Ans
✗ 1. बहन
✓ 2. भाई की पत्नी
✗ 3. पुत्री
✗ 4. बहन की पुत्री

Q.78 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 23 का संबंध 276 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 20 का संबंध 240 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 28 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
✓ 1. 336
✗ 2. 356
✗ 3. 348
✗ 4. 372

Q.79 भारत के विशाल उत्तरी मैदान का निर्माण मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किस नदी तंत्र की दीर्घकालिक निक्षेपण गतिविधियों द्वारा हुआ है?

Ans
✗ 1. नर्मदा, तापी और महानदी नदी तंत्र
✓ 2. सिंधु, गंगा और ब्रह्मपुत्र नदी तंत्र
✗ 3. गोदावरी, कृष्णा और कावेरी नदी तंत्र
✗ 4. साबरमती, लूनी और माही न

Q.80 गोलीय लेंसों के लिए कार्तीय चिह्न परिपाटी के अनुसार, लेंस के सामने रखे किसी वास्तविक बिंब के लिए बिंब दूरी का चिह्न क्या होता है?

Ans
- ✔ 1. बिंब दूरी ऋणात्मक होती है
- ✘ 2. बिंब दूरी लेंस के प्रकार पर निर्भर करती है
- ✘ 3. बिंब दूरी धनात्मक होती है
- ✘ 4. बिंब दूरी शून्य होती है

Q.81 भारत में ग्रामीण निर्धनों को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम (NREP) और ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारंटी कार्यक्रम (RLEGP) का विलय करके जवाहर रोजगार योजना किस वर्ष प्रारंभ की गई थी?

Ans
- ✘ 1. 1969
- ✘ 2. 1979
- ✔ 3. 1989
- ✘ 4. 1999

Q.82 निम्नलिखित निकाय को हल कीजिए तथा x, y और z के मान ज्ञात कीजिए।

$x + y + z = 12$
$x - 3y - z = 18$
$x - y - z = 10$

Ans
- ✘ 1.
x= 10, y = −4, z = 5
- ✘ 2.
x= 11, y = 4, z = 5
- ✘ 3.
x= 11, y = −4, z = 6
- ✔ 4.
x= 11, y = −4, z = 5

Q.83 R, S, T, U, G, H और I एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। H, U के दाएं से चौथे स्थान पर बैठा है। I के बाएं से गिनने पर, I और S के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। R, T के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। T और S का निकटतम पड़ोसी G है।
G के बाएं से गिनने पर, H और G के बीच कितने व्यक्ति हैं?

Ans
- ✘ 1. तीन
- ✔ 2. चार
- ✘ 3. एक
- ✘ 4. दो

Q.84 यदि '+' और '-' को परस्पर बदल दिया जाए तथा 'x' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
25 ÷ 3 + 36 x 4 - 7 = ?

Ans
- ✘ 1. 71
- ✔ 2. 73
- ✘ 3. 74
- ✘ 4. 72

Q.85 निम्नलिखित में से कौन-सा, सहोदरों (siblings) के बीच आनुवंशिक विभिन्नता का कारण बनता है?

Ans
- ✘ 1. DNA का त्रुटिरहित पूर्ण प्रतिकृतियन
- ✘ 2. सूत्री-विभाजन द्वारा कोशिकाओं का एकसमान विभाजन
- ✔ 3. अर्धसूत्री-विभाजन के दौरान गुणसूत्रों का यादृच्छिक अपव्यूहन
- ✘ 4. बाह्य पर्यावरणीय कारकों के कारण प्रत्यक्ष रूप से होने वाले परिवर्तन

Q.86 परमाणुओं के प्रतीक लिखने के नियमों के आधार पर, निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म, तत्व और उसके परमाणु प्रतीक के साथ सुमेलित है?

Ans
- ✘ 1. सिल्वर - Si
- ✔ 2. सोडियम - Na
- ✘ 3. पोटैशियम - Po
- ✘ 4. आयरन - IR

Q.87 भिन्न परमाणु क्रमांक वाले, लेकिन समान द्रव्यमान संख्या वाले विभिन्न तत्वों के परमाणुओं को _____ कहा जाता है।

Ans
- ✔ 1. आइसोबार (isobar)
- ✘ 2. आइसोटोन (isotone)
- ✘ 3. आइसोमर (isomer)
- ✘ 4. आइसोटोप (isotope)

Q.88 उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों में अनुसरण किए गए पैटर्न के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

DTP : ARS
GPN : DNQ

Ans
- ✘ 1. FJU : CHW
- ✘ 2. NIR : KGT
- ✘ 3. NQQ : KNR
- ✔ 4. EYQ : BWT

Q.89 यदि कई महीनों के उपयोग के बाद चांदी (silver) का चम्मच काला हो जाता है, तो संभवतः कौन-सी रासायनिक अभिक्रिया हुई है?

Ans
- ✔ 1. चांदी ने वायु में उपस्थित सल्फर के साथ अभिक्रिया करके सिल्वर सल्फाइड बनाया है।
- ✘ 2. चांदी ने ऑक्सीजन के साथ अभिक्रिया करके सिल्वर ऑक्साइड बनाया है।
- ✘ 3. चांदी ने नमी के साथ अभिक्रिया करके सिल्वर हाइड्रॉक्साइड बनाया है।
- ✘ 4. चांदी ने कार्बन डाइऑक्साइड के साथ अभिक्रिया करके सिल्वर कार्बोनेट बनाया है।

Q.90 वर्ष 1969 में, निम्नलिखित में से किस वर्गिकीविज्ञ ने सजीवों के वर्गीकरण के लिए पांच जगत मॉडल विकसित किया था?

Ans
- ✘ 1. हर्बर्ट एफ. कोपलैंड (Herbert F. Copeland)
- ✘ 2. अरस्तु (Aristotle)
- ✘ 3. कार्ल लीनियस (Carl Linnaeus)
- ✔ 4. रॉबर्ट एच. व्हिटेकर (Robert H. Whittaker)

Q.91 $(\sin\theta + \text{cosec}\,\theta)^2 + (\cos\theta + \sec\theta)^2 - \tan^2\theta - \cot^2\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ 1. 0
- ✔ 2. 7
- ✘ 3. 10
- ✘ 4. 6

Q.92 पेट्रोल के मूल्य (प्रति लीटर) में 75% की वृद्धि हो जाती है। इसकी खपत में कितने प्रतिशत का परिवर्तन किया जाना चाहिए जिससे पेट्रोल पर कुल व्यय केवल 61% ही बढ़े?

Ans
- ✔ 1. 8% की कमी
- ✘ 2. 18% की वृद्धि
- ✘ 3. 8% की वृद्धि
- ✘ 4. 18% की कमी

Q.93 शब्द CYCLOTOMIES के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उससे ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के समूह में कितने अक्षर दो से अधिक बार आएंगे?

Ans
- ✔ 1. दो
- ✘ 2. तीन
- ✘ 3. चार
- ✘ 4. एक

Q.94 A, B, U, V, Y, और Z में से प्रत्येक ने भिन्न अंक प्राप्त किए हैं। केवल A ने B से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। Z और A के बीच केवल तीन लोगों ने अंक प्राप्त किए हैं। U ने Y से कम लेकिन V से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। कितने लोगों ने V और B के बीच अंक प्राप्त किए हैं?

Ans
- ✔ 1. तीन
- ✘ 2. चार
- ✘ 3. दो
- ✘ 4. एक

Q.95 अक्षत, ₹39600 धनराशि को 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर 1 वर्ष के लिए का निवेश करता है, जबकि ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होता है। उसे प्राप्त होने वाला मिश्रधन ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ 1. ₹43659
- ✘ 2. ₹43063
- ✘ 3. ₹43488
- ✘ 4. ₹44618

Q.96 भारतीय महामरुस्थल (Great Indian Desert) अरावली श्रृंखला की किस सीमा पर स्थित है?

Ans
- ✘ 1. उत्तरी सीमा
- ✘ 2. पूर्वी सीमा
- ✔ 3. पश्चिमी सीमा
- ✘ 4. दक्षिणी सीमा

Q.97 एशियाई U20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में, पूजा सिंह ने 1.93 m की छलांग लगाकर 14 वर्ष पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने यह उपलब्धि किस स्पर्धा में प्राप्त की?

Ans
- ✘ 1. महिलाओं की लंबी कूद
- ✘ 2. महिलाओं की ट्रिपल जंप
- ✘ 3. महिलाओं की पोल वॉल्ट
- ✔ 4. महिलाओं की ऊंची कूद

Q.98 एक निश्चित धनराशि को साधारण ब्याज दर पर निवेश करने पर यह 2 वर्ष में ₹1,750 और 4 वर्ष में ₹2,000 हो जाती है। वार्षिक ब्याज दर ज्ञात कीजिए, अपने उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।

Ans
- ✘ 1. 9.33%
- ✘ 2. 7.33%
- ✘ 3. 10.33%
- ✔ 4. 8.33%

Q.99 पांच जलीय विलयनों के pH मान 1, 4, 7, 9 और 11 हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा विन्यास हाइड्रोजन आयन (H^+) सांद्रता के बढ़ते क्रम को सही से निरूपित करता है?

Ans
- ✘ 1. 7 < 9 < 11 < 4 < 1
- ✔ 2. 11 < 9 < 7 < 4 < 1
- ✘ 3. 4 < 1 < 7 < 9 < 11
- ✘ 4. 1 < 4 < 7 < 9 < 11

Q.100 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

प्रश्न:
पांच धावक – विहान, वामिका, जेंडेर, याशिका और ज़ोरावर – ने एक दौड़ पूरी की। कौन अंतिम स्थान पर रहा?

कथन:
(I) जेंडेर और ज़ोरावर के बीच ठीक दो धावक हैं।
(II) वामिका ने विहान से पहले दौड़ समाप्त की, और याशिका ने जेंडेर से पहले दौड़ समाप्त की।

Ans
- ✘ 1. कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है।
- ✔ 2. कथन I और II दोनों में दिया गया डेटा एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
- ✘ 3. कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है।
- ✘ 4. कथन I और II दोनों में दिया गया डेटा एक साथ (न तो अकेले कथन I या न अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

"